## श्री गणेश प्रतिमाएँ श्रद्धालुओं को कर रहीं आकर्षित



गणेशोत्सव को लेकर शहर में तैयारियां तेज हो गई हैं। गणेश प्रतिमाओं की खरीदारी के लिए बाजारों में श्रद्धालुओं की भीड़ नजर आने लगी है। अलग-अलग स्थानों पर सजी दुकानों और अस्थायी प्रतिमा बाजारों में विभिन्न आकार और स्वरूप की गणेश प्रतिमाएं उपलब्ध हैं। श्रद्धालु अपनी पसंद के अनुसार प्रतिमाओं का चयन कर रहे हैं। बाजार में छोटी से लेकर बड़ी प्रतिमाएं बिक्री के लिए रखी गई हैं। कई श्रद्धालु घर में स्थापना के लिए प्रतिमाएं खरीद रहे हैं, वहीं सार्वजनिक गणेशोत्सव समितियों के सदस्य भी प्रतिमा पसंद करने पहुंच रहे हैं। दुकानदारों ने बताया कि गणेश प्रतिमाओं की मांग बढ़ने लगी है और आने वाले दिनों में खरीदारी में और तेजी आने की उम्मीद है। बाजारों में गणेश प्रतिमाओं के साथ पूजन सामग्री की दुकानें भी सज गई हैं।

## इको-फ्रेंडली गणेश प्रतिमा निर्माण कार्यशाला



**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिरदाराम नगर :** गणेशोत्सव के अवसर पर सिंधी कम्युनिटी हॉल, गुरुनानक टेकरी में सिंधु सेना एवं पूज्य सिंधी पंचायत के संयुक्त तत्वावधान में इको-फ्रेंडली गणेश मूर्ति निर्माण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में 150 से अधिक बच्चों और अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विशेषज्ञ लखन प्रजापति के मार्गदर्शन में बच्चों ने प्राकृतिक चिकनी मिट्टी से श्री गणेश की सुंदर प्रतिमाओं के साथ मुकुट, वस्त्र और मोदक तैयार किए। इस दौरान उत्कृष्ट प्रतिमाएं बनाने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। सिंधु सेना के अध्यक्ष राकेश कुकरेजा ने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को अपनी सांस्कृतिक परंपराओं से जोड़ने के साथ पर्यावरण के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम में नेहा बग्गा, महेश मकवाना सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। बच्चों ने पीओपी की मूर्तियों का बहिष्कार कर केवल मिट्टी के गणेश स्थापित करने का संकल्प लिया और 'आस्था भी, पर्यावरण संरक्षण भी' का प्रेरक संदेश दिया।

## लायंस क्लब ने किया 30 से अधिक शिक्षकों का सम्मान



**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिरदाराम नगर :** लायंस क्लब भोपाल मन्नत एवं लायंस क्लब भोपाल कपल के संयुक्त तत्वावधान में संत नगर स्थित संस्कार पब्लिक स्कूल में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में समाज और राष्ट्र निर्माण में उत्कृष्ट योगदान देने वाले भोपाल एवं संत नगर के 30 से अधिक शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रीजन चेयरपर्सन लायन प्रकाश बच्चानी रहे। वहीं विशेष अतिथि के रूप में ज़ोन चेयरपर्सन लायन डॉ. रचना अखंड गिरी एवं पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन कमल भंडारी उपस्थित रहे। समारोह में कैंसर जागरूकता पर विशेष वक्ता नागेंद्र जी ने प्रारंभिक लक्षण और समय पर जांच के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम संयोजक लायन किरण वाधवानी व लायन डॉ. स्वाति जैन रहीं, जबकि संचालन लायन अशोक परियानी ने किया। अध्यक्ष द्वय लायन आकाश जैन एवं लायन रश्मि दुबे ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार व्यक्त किया।

### युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, प्रेमी को भेजा आखिरी संदेश

## 'मैंने कभी धोखा नहीं दिया मेरा सारा पैसा भी रख लेना'

**पुलिस ने मोबाइल जब्त कर जांच शुरू की**

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल:** कमला नगर थाना क्षेत्र में शुक्रवार-शनिवार रात 22 वर्षीय युवती वैशाली ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से पहले उसने अपने प्रेमी अतुल को वाट्सऐप पर संदेश भेजा था। इसमें उसने लिखा कि वह हमेशा उसके प्रति वफादार रही और उसका सारा पैसा भी अतुल रख ले। वैशाली मूल रूप से कटनी की रहने वाली थी और भोपाल में किराए के मकान में रह रही थी। उसने बीकाम तक पढ़ाई की थी। वह शहर के एक साड़ी शोरूम में नौकरी करती थी और कार्यक्रमों में उद्घोषक के तौर पर भी काम करती थीं। करीब 20 दिन पहले उसने नौकरी छोड़ दी थी और कटनी चली गई थी। दो सितंबर को वह वापस भोपाल आई थी।



### मां ने बताया- अवसाद से परेशान थी

पुलिस ने युवती की मां के बयान दर्ज किए हैं। मां रेलवे में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हैं। युवती के पिता की पहले ही मृत्यु हो चुकी है। वह परिवार की इकलौती बेटी थी। प्रारंभिक जांच में मां ने बताया कि वैशाली अवसाद से परेशान थी। परिवार के अनुसार उसे माइग्रेन की समस्या भी थी। हालांकि आत्महत्या की वास्तविक वजह अभी स्पष्ट नहीं हुई है। पुलिस ने मोबाइल फोन जब्त कर लिया है। इसमें मौजूद वाट्सऐप बातचीत, फोन कॉल और अन्य जानकारी की जांच की जाएगी। पुलिस अतुल से जुड़े पहलुओं की भी जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि आत्महत्या के कारणों का पता लगाने के लिए सभी पहलुओं को देखा जा रहा है।

## त्योहारों से पहले प्रदेशभर में पुलिस की सघन कॉम्बिंग गश्त



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल:** आगामी त्योहारों को देखते हुए मध्यप्रदेश पुलिस ने कानून-व्यवस्था मजबूत करने के लिए प्रदेशभर में सघन कॉम्बिंग गश्त शुरू की है। इस दौरान वारंटियों की धरपकड़, गुंडा-बदमाशों की जांच और अवैध गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। कई जिलों में रातभर चले अभियान में फरार आरोपितों और वारंटियों को गिरफ्तार किया गया।

कटनी में अभियान के दौरान 182 आरोपित पकड़े गए। इनमें 20 स्थायी और 69 गिरफ्तारी वारंटी शामिल हैं। पुलिस ने 42 गुंडों और 44 निगरानी बदमाशों की जांच की। इसके अलावा 37 जमानती वारंट और 51 समंस तामील कराए गए। दतिया में सात स्थायी वारंटी गिरफ्तार किए गए और 53 गिरफ्तारी वारंट तामील कराए गए। 65 हिस्ट्रीशीटर और 90 गुंडा-बदमाशों की भी जांच की गई। दमोह में 22 स्थायी और 36 गिरफ्तारी वारंट समेत 58 वारंटी गिरफ्तार हुए। अवैध शराब के 29, जुआ-सट्टा के तीन और हथियार से जुड़ा एक प्रकरण दर्ज किया गया। खरगोन में 83 गिरफ्तारी वारंटी, 15 स्थायी वारंटी और दो वांछित आरोपित पकड़े गए। 99 गुंडों और 56 निगरानी बदमाशों के घरों की औचक जांच भी की गई। मुरैना में करीब 281 वारंटियों और आरोपितों की धरपकड़ हुई। ग्वालियर में 203 वारंटी गिरफ्तार किए गए। इंदौर के द्वारकापुरी में निगरानी बदमाशों की परेड कराकर उनके दस्तावेज अद्यतन किए गए।

## नवनिध- मिठी के स्टूडेंट्स ने दोहराया मातृभाषा के प्रति सम्मान का संकल्प



**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिरदाराम नगर :** नवनिध और मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल में हिंदी पखवाड़े के चलते साहित्यिक, सांस्कृतिक व कलात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों का उद्देश्य विद्यार्थियों में मातृभाषा हिंदी के प्रति सम्मान, रचनात्मक अभिव्यक्ति और भारतीय संस्कृति के प्रति गौरव की भावना का विकास करना रहा। नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल आयोजित हिंदी पखवाड़े का समापन विशेष प्रार्थना सभा के साथ हुआ। समारोह में छात्राओं के लिए भाषण, अभिनय, कविता व पत्र लेखन जैसी विविध प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्राचार्या अमृता मोटवानी ने विद्यार्थियों को हिंदी को दैनिक व्यवहार में अपनाने के लिए प्रेरित किया।

## एमसीयू के सांध्यकालीन डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश 21 तक

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल:** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के एमपी नगर परिसर में संचालित सांध्यकालीन पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि 21 सितंबर तक बढ़ा दी गई है। विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट या एमपीऑनलाइन के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। इस वर्ष रेडियो प्रोग्राम प्रोडक्शन एंड रेडियो जॉकी, पॉलिटिकल कम्युनिकेशन एंड स्ट्रेटजी तथा वेब पत्रकारिता में नए पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं। इसके अलावा योग स्वास्थ्य प्रबंधन, सोशल मीडिया मैनेजमेंट, फिल्म पत्रकारिता, मोबाइल पत्रकारिता, ग्रामीण पत्रकारिता, वीडियो प्रोडक्शन, इवेंट मैनेजमेंट, साइबर सिक्योरिटी तथा ड्रामा एंड एक्टिंग में प्रवेश जारी है। स्नातक परीक्षा के अंकों के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। साइबर सिक्योरिटी के लिए कंप्यूटर विषय से स्नातक होना आवश्यक है।

## 'खाकी वर्दी का योद्धा' पुस्तक का विमोचन




**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल:** पब्लिक रिलेशंस सोसायटी ऑफ इंडिया (पीआरएसआई) भोपाल चैप्टर द्वारा वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी स्व. विजय रमन के जीवन और साहसिक पुलिसिंग पर आधारित पुस्तक 'खाकी वर्दी का योद्धा' का विमोचन दुष्यंत कुमार स्मारक पांडुलिपि संग्रहालय में हुआ। कार्यक्रम में डीजीपी कैलाश मकवाना मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कहा कि स्व. रमन के साहस, नेतृत्व क्षमता और कर्तव्यनिष्ठा को हमेशा याद किया जाएगा। चंबल में कुख्यात डाकू पान सिंह तोमर और उसके गिरोह के खिलाफ अभियान में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने आतंकवादी गाजी बाबा के खिलाफ अभियान का भी नेतृत्व किया था। कार्यक्रम में उनकी पत्नी वीना रमन, वरिष्ठ पत्रकार गिरिजा शंकर, पूर्व डीजीपी एसके राउत और डॉ. रश्मि झा उपस्थित रहे। पुस्तक का प्रकाशन प्रभात प्रकाशन ने किया है। समारोह का संचालन दिव्या रमन ने किया।

## 101 स्थानों से लिए पेयजल के नमूने, 14 लीकेज सुधारे

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल:** शहरवासियों को स्वच्छ और जीवाणुरहित पेयजल उपलब्ध कराने के लिए नगर निगम की ओर से जल गुणवत्ता परीक्षण और पाइपलाइन लीकेज सुधार का अभियान जारी है। शनिवार को जलकार्य विभाग के अमले ने शहर के अलग-अलग क्षेत्रों से 101 जल नमूने एकत्र किए। इस दौरान 14 स्थानों पर पाइपलाइन के लीकेज सुधारे गए और हेल्पलाइन से मिली तीन शिकायतों का भी निराकरण किया गया।

नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देश पर श्याम नगर, अजय नगर, बसंत कुंज, कोटरा सुल्तानाबाद, शास्त्री नगर, सुभाष नगर, बैरागढ़, बंजारी हिल्स, बरखेड़ा पठानी, साकेत नगर, गौतम नगर और रविदास कॉलोनी समेत विभिन्न क्षेत्रों से पानी के नमूने लिए गए।

इसके अलावा वाजपेयी नगर, ईदगाह हिल्स, ग्रीन पार्क, कबाड़खाना, हमीदिया अस्पताल, मिसरोद और विद्या नगर सहित अन्य स्थानों पर पाइपलाइन लीकेज की मरम्मत की गई।

निगम के अनुसार अब तक शहर के विभिन्न हिस्सों से 29,889 जल नमूने लिए जा चुके हैं। इनमें झुग्गी बस्ती क्षेत्रों से लिए गए 13,709 नमूने भी शामिल हैं। सभी नमूनों की जांच निगम की आठ परीक्षणशालाओं में की जा रही है।

## किसान पर सुपारी देकर हमला, 5 गिरफ्तार

- 50 हजार रुपये में दी गई थी सुपारी; कार की नंबर प्लेट पर मिट्टी लगाकर वारदात, दो आरोपी फरार

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल:** नजीराबाद थाना पुलिस ने रुनाहा जोड़ के पास रतनपुर रोड पर किसान इंदल सिंह गुर्जर पर हुए जानलेवा हमले का खुलासा किया है। पुलिस ने मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि दो आरोपी फरार हैं। जांच में सामने आया कि जमीन विवाद के चलते किसान की हत्या के इरादे से 50 हजार रुपये की सुपारी दी गई थी। पुलिस के अनुसार, आठ सितंबर को ग्राम बिजावन खुर्द निवासी इंदल सिंह ने शिकायत दर्ज कराई थी। वह बाइक से घर लौट रहे थे। रुनाहा जोड़ के पास सफेद कार सवार चार लोगों ने रास्ता पूछने के बहाने उन्हें रोका और लाठी-डंडों व लोहे की रॉड से हमला कर दिया। गंभीर चोटों के कारण उनके हाथ-पैर में कई फ्रैक्चर हुए।




**100 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज खंगाले :** पुलिस ने चार टीमें बनाकर घटनास्थल से आरोपियों के संभावित रास्तों तक 100 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की जांच की। तकनीकी साक्ष्यों और पूछताछ के आधार पर वारदात में इस्तेमाल सफेद कार की पहचान हुई।

**तीन साल पुराने प्लॉट विवाद में रची साजिश :** पुलिस के मुताबिक मुख्य आरोपी हाकम सिंह गुर्जर का इंदल सिंह से करीब तीन साल से प्लॉट को लेकर विवाद था। इसी विवाद में उसने हमला कराने की साजिश रची। गिरफ्तार आरोपियों में हाकम सिंह, प्रद्युम्न गुर्जर, दीपक लोधी, धनवीर उर्फ संजय विश्वकर्मा और रामवीर लोधी शामिल हैं। जितेंद्र और विशाल गुर्जर फरार हैं। आरोपियों से 21 हजार रुपये, चार लोहे की रॉड और कार जब्त की गई है।

## हावड़ा-भोपाल एक्सप्रेस का रांची रोड स्टेशन पर अस्थायी ठहराव

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल:** रेल प्रशासन ने भोपाल मंडल होकर संचालित हावड़ा-भोपाल-हावड़ा एक्सप्रेस के ठहराव में अस्थायी बदलाव किया है। गाड़ी संख्या 13025/13026 का बड़काकाना स्टेशन के स्थान पर पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद मंडल के रांची रोड स्टेशन पर अगले आदेश तक अस्थायी ठहराव दिया गया है। रेलवे के अनुसार गाड़ी संख्या 13025 हावड़ा-भोपाल एक्सप्रेस 19 अक्टूबर 2026 से रांची रोड स्टेशन पर शाम 7:10 बजे पहुंचेगी और पांच मिनट रुकने के बाद 7:15 बजे रवाना होगी। वहीं, गाड़ी संख्या 13026 भोपाल-हावड़ा एक्सप्रेस का रांची रोड स्टेशन पर ठहराव 15 अक्टूबर 2026 से प्रभावी होगा। यह ट्रेन सुबह 6:50 बजे रांची रोड पहुंचेगी और पांच मिनट बाद 6:55 बजे रवाना होगी। रेल प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा की योजना बनाने से पहले ट्रेन के समय और ठहराव की जानकारी की पुष्टि जरूर कर लें। इसके लिए रेलवे की पूछताछ सेवा 139, रेलवन, एनटीईएस एप या रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट का उपयोग किया जा सकता है।

## पर्यूषण पर्व में गूंजा जन्मे वीरा, प्रभु महावीरा



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल:** श्वेतांबर जैन समाज के आत्मशुद्धि के पर्व पर्यूषण के दौरान शुक्रवार को भगवान महावीर का जन्मोत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। शहर के विभिन्न जैन मंदिरों में भजन-कीर्तन के बीच श्रद्धालुओं ने भगवान महावीर का पालना झुलाया। मंदिरों में पूजा-पाठ, सामायिक, प्रतिक्रमण, स्वाध्याय, प्रवचन और तप-त्याग के आयोजन भी हुए। समाज प्रवक्ता अंशुल जैन ने बताया कि सिटी मंदिर में साध्वी रत्नत्रया श्रीजी के सानिध्य में भगवान महावीर को रजत पालकी में विराजमान कर मंत्रोच्चार के साथ जन्मोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम से पहले माता त्रिशला के 14 स्वप्नों का प्रदर्शन कर उनके महत्व की जानकारी दी गई। अभिषेक और पूजा-अर्चना के साथ कल्पसूत्र का वाचन भी किया गया। साध्वीजी ने भगवान महावीर के सिद्धांतों की व्याख्या करते हुए उन्हें 'जियो और जीने दो' का संदेश देने वाला महाअग्रदूत बताया। साध्वी स्मित प्रज्ञा श्रीजी की 27वीं निरंतर उपवास साधना के अवसर पर महिलाओं ने जिन शासन की महिमा का गुणगान किया।

**ट्रेनिंग** *मॉक ड्रिल में आधुनिक अग्निशमन उपकरणों के इस्तेमाल का कराया अभ्यास...*

## पीएचक्यू में सुरक्षाकर्मियों को अग्नि सुरक्षा का प्रशिक्षण

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल:** पुलिस मुख्यालय में शनिवार को सुरक्षाकर्मियों और कर्मचारियों को आग से बचाव और अग्नि नियंत्रण का प्रशिक्षण दिया गया।

मॉक ड्रिल के दौरान जवानों को अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए आग पर काबू पाने और आधुनिक अग्निशमन उपकरणों के इस्तेमाल का व्यावहारिक अभ्यास कराया गया।

पुलिस फायर स्टेशन भोपाल की टीम ने तरल पदार्थों में लगी आग को अग्निशमन यंत्रों की मदद से बुझाने के तरीके बताए। सुरक्षाकर्मियों ने धुएं और लपटों से बचाव करते हुए आग बुझाने का अभ्यास भी किया। प्रशिक्षण के दौरान फायरमैन हेलमेट, फोम नोजल, अग्निशमन सिलेंडर, रिवॉल्विंग नोजल, यूनिवर्सल ब्रांच, लॉक कटर, फायर ब्लैंकेट सहित विभिन्न उपकरणों की उपयोगिता और संचालन की जानकारी दी गई।



पुलिस फायर स्टेशन के उप निरीक्षक संतोष दुबे ने बताया कि आग को पांच श्रेणियों में बांटा गया है। लकड़ी और कोयले की आग ए, तरल पदार्थों की बी, गैस की सी, धातु की डी और विद्युत आग ई श्रेणी में आती है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक प्रकार की आग को बुझाने की प्रक्रिया अलग होती है, इसलिए स्थिति के अनुसार सावधानी बरतना जरूरी है।

प्रशिक्षण में आग लगने की स्थिति में तत्काल अग्निशमन दल, पुलिस नियंत्रण कक्ष, विद्युत विभाग और अस्पताल को सूचना देने की जानकारी दी गई। साथ ही मुख्य विद्युत स्विच बंद करने, लिफ्ट का उपयोग नहीं करने और भगदड़ से बचने के उपाय बताए गए।

मॉक ड्रिल के दौरान सुरक्षा प्रभारी मुकेश सैनी, निरीक्षक विजय नागले, सहायक उप निरीक्षक विनोद कुमार पांडे और पुलिस फायर स्टेशन की टीम मौजूद रही।